गुजरात में एल०पी०जी० के डीलर के विरुद्ध शिकायत

2181. **श्री गोपाल सिंह जी० सोलंकी** : क्या **पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गुजरात में उन डीलरों/वितरकों की संख्या कितनी है जिनके विरुद्ध गत दो वर्षों में पेट्रोल/डीजल/एल० पी० जी० की कालाबाजारी मिलावट करने की शिकायतें प्राप्त हुई हैं और इन शिकायतों की संख्या कितनी है;

(ख) तत्संबंधी जिलेवार ब्यौरा क्या है; और

(ग) दण्ड के स्वरूप सहित दण्ड पाने वाले व्यक्तियों की जिलेवार, संख्या कितनी-कितनी है ?

पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द) : (क) से (ग) वर्ष 1990–91 और 1991–92 के दौरान जिलावार शिकायतों और उन पर की गई कार्रवाई का विवरण निम्नवत् है :–

खुदरा बिक्री केन्द्र

क्रम सं०	जिला	शिकायतों की संख्या	की गई कार्रवाई
1.	अहमदाबाद	11	एक मामले में आपूर्ति आस्थगित है।
2.	गांधीनगर	2	—
3.	खेडा	3	—
4.	कच्छ	1	—
	एल०पी०जी० डिस्ट्रीब्यूटरशिप		
1.	अहमदाबाद	1	—
2.	सूरत	1	—
3.	राजकोट	3	एक मामले में आपूर्ति रोकी गई तथा दो मामलों से दंडात्मक कार्रवाई की गई।
4.	साबरकांठा	1	आपूर्ति रोकी गई।

रामगढ़ में गैस के भंडार

2182. **श्री शिवचरण सिंह** : क्या **पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राजस्थान के रामगढ़ क्षेत्र में गैस के भंडारों की अनुमानित प्रमात्रा कितनी है;

(ख) इन भंडारों का किस प्रकार से प्रयोग किये जाने की संभावना है;

(ग) क्या राजस्थान सरकार ने बिजली के उत्पादन के लिए इस गैस की मांग की है;

(घ) राजस्थान सरकार को सस्ती दरों पर यह गैस आवंटित नहीं किये